# कार्यालय प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय, सवाई माधोपुर

दिनांक **09.09.2019**

क्रमांक

## प्रेस–नोट

## मतदाता सत्यापन दिवस आयोजित

सवाई माधोपुर – भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व जिला निर्वाचन अधिकारी सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार महाविद्यालय में आज मतदाता सत्यापन दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में छात्राओं को बताया गया कि विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज अपनी प्रविष्टी का राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल व वोटर्स हेल्पलाईन एण्ड्रोयड मोबाईल एप्प के माध्यम से युवा मतदाता मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टियों का सत्यापन कर सकते है। प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि **NVSP** बेवसाईट पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अनेक सेवाऐं उपलब्ध करायी गई है। इस पोर्टल पर आप मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाना, मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टि में संशोधन कराना, मतदाता सूची में अपना नाम खोजना एवं अपने मतदान केन्द्र को खोजना जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ आप ऑनलाईन ले सकते है। इस अवसर पर डॉ. आरती रानी सिंह, डॉ. विजय सिंह मावई, डॉ. सियाराम मीना आदि ने भी सारगर्भित विचार व्यक्त किये।

सादर प्रकाशनार्थ

दैनिक ......................................

मनीषा शर्मा

प्राचार्य

राजकीय कन्या महाविद्यालय

सवाई माधोपुर

Scanned by CamScanner